संख्या-45/2454/ 41-2014-48यो0/12

प्रेषक,

अमृत अभिजात,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ:: दिनांक:: 05 अक्टूबर, 2014**

विषय: आगरा में ताजगंज वार्ड तथा ताजमहल को जाने वाले मुख्य मार्गो के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण संबंधी पुनरीक्षित परियोजना प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या-729/6-1-1 (441)/ताजगंज परियोजना/ 2014-15, दि0-14 अगस्त का कृपया संदर्भ ग्रहण करने कष्ट करें, जिसके द्वारा आगरा में ताजगंज वार्ड तथा ताजमहल को जाने वाले मुख्य मार्गो के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण की परियोजना के लिए संशोधित/पुनरीक्षित आगणन रू0-175.90 करोड़ की परीक्षणोपरान्त प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत परियोजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य सेक्टर के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 में शासनादेश संख्या-1799/41-2013, दिनांक-06.12.2013 द्वारा रू0-108.4155 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुये रू0-22.7942 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त आगरा में ताजगंज वार्ड तथा ताजमहल को जाने वाले मुख्य मार्गो के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण की योजना (ताजगंज परियोजना) के क्रियान्वयन हेतु संशोधित/पुनरीक्षित आगणन की व्यय वित्त समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त आंकलित लागत रू0-167.92 करोड़ के प्रस्ताव पर निम्नांकित निर्णय लिये गये हैं-

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) व्यय वित्त समिति की बैठक दि0-09.09.2014 के कार्यवृत्त में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत प्रयुक्त उच्च विशिष्टियों यथा रेड व व्हाइट सैण्ड स्टोन, ग्रेनाइट स्टोन, स्टोन क्लेडिंग, एल्यूमीनियम डोर, यू0पी0वी0सी0 डोर, कॉबल स्टोन फ्लोरिंग, वाल पैनेलिंग, लैम्प-पोस्ट एवं आई0पी0 बेस्ड सी0सी0टी0वी0 कैमरा सहित विभिन्न कार्यमदों, उनकी आवश्यकता एवं औचित्य तथा लागत अन्तर के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, आगरा इकाई, आगरा द्वारा उपलब्ध कराये गये निम्नवत् विवरण के अनुसार योजना के कार्य सम्पादित कराये जायेंगे:-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0 सं0	कार्य का नाम	मूल स्वीकृत लागत	आंकलित लागत पुनरीक्षित	विशिष्ट मदों की लागत	सामान्य मदों की लागत	लागत वृद्धि/कमी	औचित्य
1	इस्टर्न गेट रोड	2889.99	3893.63	893.91	2999.72	1003.64	विशिष्ट मदों की मात्राओं के बढ़ने के कारण 11.55 लाख की वृद्धि तथा शेष 992.00 लाख की वृद्धि सामान्य मदों की मात्रा व दरों के बढने के कारण हुई है।
2	वेस्टर्न गेट रोड	2715.97	2255.09	717.98	1537.11	-460.86	विशिष्ट मदों की मात्राओं में कमी आने के कारण लागत में कमी हुई है।
3	ताजगंज एरिया	2601.85	2530.66	530.27	2000.39	-71.19	कुछ मदों की विश्लेषित दरों में कमी आने के कारण लागत में कमी हुई है।
4	इस्टर्न गेट फतेहाबाद रोड	2067.74	3179.83	921.95	2257.88	1112.09	विशिष्ट मदों की मात्राओं के बढ़ने के कारण 301.62 लाख की

http://shasanadesh.up.nic.in

							वृद्धि तथा शेष 810.47 लाख की वृद्धि सामान्य मदों की मात्रा व दरों के बढने के कारण हुई है।
5	ताजगंज एरिया में 15 मलिन बस्तियों की अपग्रेडिंग	1765.77	1385.30	0.00	1385.30	-380.47	ताजगंज एवं मलिन बस्तियों के टायलेट के कार्य सीएण्डडीएस को अलग से आवंटित कर दिये जाने के कारण एवं मात्रा में कमी होने के कारण लागत कम हुई है।
6	सी0एण्ड डी0एस0	0.00	214.93	0.00	214.93	214.93	
	योग	12041.32	13459.45	3064.12	10395.33	1418.14	
	5 प्रतिशत की कमी	602.07	672.97	153.21	519.77	-70.91	
	योग	11439.25	12786.48	2910.91	9875.56	1347.22	
	12.5 प्रतिशत सेन्टेज चार्ज	1429.91	1598.31	363.86	1234.45	168.40	
	योग	12869.16	14384.79	3274.78	11110.01	1515.62	
	लेबर सेस	114.39	127.86	29.11	98.76	13.47	
	सी0सी0 टी0वी0	665.23	638.65	638.65	0.00	-26.58	
	स्प्लेट ए0सी0 28 नग		14.00	0.00	14.00	14.00	

http://shasanadesh.up.nic.in

	90 के0वी0 सब स्टेशन		96.00	0.00	96.00	96.00	
	1100 ली0 केपीसिटी विन्स		33.12	0.00	33.12	33.12	
	कलेक्शन विन्स सेट		13.81	13.81	0.00	13.81	
	बिग डस्टबिन		11.60	11.60	0.00	11.60	
	विदुत कनेक्शन		30.00	0.00	30.00	30.00	
	हाईटेन्शन विदुत तारों की अन्डर ग्राउण्ड केबिल कार्य		1442.62	0.00	1442.62	1442.62	
	परियोजना की कुल लागत	13648.78	16792.45	3967.95	12824.50	3143.67	
	अर्थात् योग	136.49 करोड़	167.92 करोड़	39.68 करोड़	128.24 करोड़	31.44 करोड़	31.44 करोड़ में से 14.42 करोड़ की वृद्धि एच0टी0 विदुत लाइनों के अण्डरग्राउण्ड करने हेतु दक्षिणान्चल विदुत वितरण निगम, आगरा से सम्बन्धित है। लागत में शुद्ध वृद्धि 17.02 करोड़ की है, जो

http://shasanadesh.up.nic.in

							मूल लागत के सापेक्ष 12.46 प्रतिशत है।

(2) उक्त परियोजना हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा परीक्षित लागत रू0-167.92 करोड़ के अन्तर्गत कार्य कराये जायेंगे।

(3) परियोजना के कार्योपरान्त सृजित परिसम्पत्तियों के रख-रखाव एवं अनुरक्षण हेतु विभाग द्वारा सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अमृत अभिजात
सचिव

<u>संख्या- 45/2454 (1)/41-2014 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य स्टॉफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा विभाग/पर्यावरण विभाग/लोक निर्माण विभाग/वन विभाग/उदयान विभाग, उ0प्र0 शासन ।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
4. मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल, आगरा/जिलाधिकारी, आगरा।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम, लखनऊ।
6. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, आगरा।
7. श्री राजाराम, वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

श्याम मोहन तिवारी
अनुसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in